# हर पंचायत में स्वास्थ्य बीमा का लाभ उपलब्ध करवाने से संबंधित प्रयास शुरू

**जालोर**, (कासं)। जिले में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत चिरंजीवी जालोर के रूप में नवाचार करते हुए जिले की हर ग्राम पंचायत को स्वास्थ्य बीमा का लाभ उपलब्ध करवाने के लिए जिले की सभी 307 ग्राम पंचायतों को अक्टूबर माह तक बीमित किये जाने के लक्ष्य को लेकर एवं मिशन संवाद नवाचार के रूप में जिले के 38 छात्रावासों व आवासीय विद्यालयों में अभिनव पहल करते हुए जिले के अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शक के रूप में जुड़ संवाद स्थापित कर छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन एवं समस्या समाधान किया जायेगा।



जालोर के कलैक्ट्रेट सभागार में जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर व कलैक्टर निशांत जैन ने चिरंजीवी जालोर, मिशन संवाद नवाचारों के पोस्टर का विमोचन किया। फोटो-राष्ट्रदूत

जालोर जिले में उक्त नवाचारों को लेकर मंगलवार को जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर, जिला कलैक्टर निशांत जैन व जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अग्रवाला द्वारा पोस्टर विमोचन कर अभिनव पहल की शुरूआत की। इस दौरान जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर स्वयं निरन्तर मॉनिटरिंग कर रहे है और इस महत्वकांक्षी योजना से जिले के हर ग्राम को जोड़ने की पहल सराहनीय है साथ ही ''मिशन संवाद'' के तहत अधिकारियों द्वारा अभिभावक भाव से छात्र-छात्राओं की समस्याओं को समझ उनका निस्तारण करेंगे

साथ ही इस तरह के संवाद से बच्चों को प्रोत्साहन मिल सकेगा। इस दौरान अतिरिक्त जिला कलैक्टर राजेन्द्र प्रसाद अग्रवाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु, उप वन संरक्षक यादवेन्द्र सिंह चुण्डावत सहित नवाचारों से जुड़े अधिकारी मौजूद रहे।

वही राज्य सरकार की महत्वपूर्ण फ्लैगशिप योजना मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा के तहत जिले की समस्त ग्राम पंचायतों को ''नरसाणा मॉडल'' की तर्ज पर शत-प्रतिशत बीमाकृत करने के इस कार्य को नवाचार के रूप में लेकर बीमा पंजीकरण से शेष रहे परिवारों को प्रोत्साहित कर निर्धारित लक्ष्य प्राप्त किया जायेगा।

कलैक्टर निशान्त जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत जालोर जिले की समस्त ग्राम पंचायतों को ''नरसाणा मॉडल'' की तर्ज पर शत-प्रतिशत बीमाकृत किये जाने का संकल्प लेते हुए नवाचार के रूप में लिया गया है। जिसे राज्य की मुख्य सचिव द्वारा जिले के नवाचार के तौर पर अनुमोदित किया गया है।

उन्होंने बताया कि जिले में 307 ग्राम पंचायत हैं जिनमें नरसाणा, भरूडी, भूण्डवा, गोदन व आलवाडा ग्राम पंचायत पूर्ण बीमित किया जा चुका है। जिले में आदिनांक तक कुल जनाधार परिवार 4,89,971 है। जिनमें से अभी तक 3,48,828 परिवार उक्त योजना के तहत बीमाकृत हुए है तथा शेष 1,41,143 परिवार बीमाकृत होने से शेष है।

शेष रहे परिवारों को प्रोत्साहित करने के साथ ही भामाशाहों के सहयोग से बीमा पंजीकरण का कार्य किया जायेगा। उन्होंने बताया कि ब्लॉकवार व समयबद्धता अनुसार ग्राम पंचायतों को बीमाकृत करने के लिए लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिसके तहत जुलाई माह तक जालोर पंचायत समिति में 10, आहोर में 14, सायला में 16, बागोड़ा में 10, भीनमाल में 7, जसवंतपुरा में 8, रानीवाड़ा में 11, सरनाऊ में 6, सांचौर में 12 व चितलवाना में 13 सहित कुल 107 ग्राम पंचायत, सितम्बर माह तक जालोर पंचायत समिति में 10, आहोर में 13, सायला में 15, बागोड़ा में 9, भीनमाल में 7, जसवंतपुरा में 8, रानीवाड़ा में 10, सरनाऊ में 6, सांचौर में 11 व चितलवाना में 11 सहित कुल 100 ग्राम पंचायत एवं अक्टूबर माह तक जालोर पंचायत समिति में 9, आहोर में 14, सायला में 14, बागोड़ा में 9, भीनमाल में 7, जसवंतपुरा में 8, रानीवाड़ा में 11, सरनाऊ में 6, सांचौर में 9 व चितलवाना में 13 सहित कुल 100 ग्राम पंचायतो को बीमाकृत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिससे जिले की समस्त 307 ग्राम पंचायत शत-प्रतिशत बीमाकृत हो सकेंगी।

वहीं जालोर जिले में नवाचार कार्यक्रम ''मिशन संवाद'' के अंतर्गत अधिकारी छात्रावासों व व्रिद्यालयों में जाकर स्थानीय आवश्यकताओं को प्राथमिकतावार सूचीबद्ध करते हुए आवश्यकतानुसार अन्तर-विभागीय समाधान के लिए सार्थक प्रयास करेंगे।

# बंदियों की सुविधाओं में कमी नहीं रखें : सिया रघुनाथदान

**जालोर**, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जालोर के अध्यक्ष एवं जिला जज सिया रघुनाथदान व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश विरेन्द्र कुमार मीणा एवं मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट महेश कुमार ने मंगलवार को जिला कारागृह का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान उन्होंने उपस्थित कारापाल को निर्देश दिये कि बंदियों को मिलने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं रखें, नियमानुसार उन्हें सारी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जावे। उन्होंने कहा कि कारागृह में साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जावें, जिन बंदियों की पैरवी के लिए अधिवक्ता नियुक्त नहीं है। उन बंदियों को निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध करवाने के लिए नियमानुसार आवेदन पत्र भरवाकर प्रेषित करें। इस दौरान उन्होंने कहा कि बंदियों को उपलब्ध करवाए जाने वाले



जिला एवं सैशन न्यायाधीश सिया रघुनाथदान ने जिला कारागृह का निरीक्षण किया। फोटो-राष्ट्रदूत

भोजन की गुणवत्ता बनाए रखे। उचित गुणवत्ता वाली वस्तुएं उपलब्ध करवाए। उन्होंने कहा कि कारागृह में हाइजेनिक तरीके से साफ सफाई की जावें। बंदियों व कर्मचारियों को मास्क का प्रयोग करने हेतु निर्देशित किया जावे। सामाजिक दूरी बनाए रखे।

इसी प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव विरेन्द्र कुमार मीणा ने आहोर स्थित मानसिक विमंदित पुनर्वास गृह का भी आकस्मिक निरीक्षण किया और उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिये कि गर्मी के मौसम को देखते हुए बालकों के खान पान का विशेष ध्यान रखा जावे। बालकों की समय समय पर स्वास्थ्य जांच करवाई जावे। उचित गुणवत्ता वाला भोजन उपलब्ध करवाया जावे।

उन्होंने कहा कि संस्थान की साफ सफाई अच्छे तरीके से की जावे। जो बालक बीमार हो उसे अन्य से अलग रखा जावे।

# हुंकार रैली का गतिरोध खत्म

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर में सोमवार को रालोपा संयोजक हनुमान बेनिवाल की अग्निपथ योजना के विरोध को लेकर आयोज्य हुंकार रैली के बाद देर रात तक जिला कलेक्टर एवं पुलिस आयुक्त को ज्ञापन देने की बात पर गतिरोध बना रहा। दो दौर की वार्ता विफल होने के बाद अंतिम बार रात दो बजे एडीएम सिटी और पुलिस आयुक्त को ज्ञापन सौंप दिया गया। अलसुबह तक युवाओं का धरना भी रावण का चबूतरा स्थल से उठा लिया गया।

# शिक्षा विभाग के कार्यों पर चर्चा की

**रेवदर**, (निसं)। ब्लॉक निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को उपखंड अधिकारी दुदाराम की अध्यक्षता में हुआ।

बैठक में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी डॉ.रामगोपाल शर्मा, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी पूनमसिंह सोलंकी, तहसीलदार जगदीश विश्नोई, विकास अधिकारी मनहर बिश्नोई, एवं ब्लॉक के समस्त पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी व मॉडल स्कूल प्रिंसिपल केसर सिंह राव, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मंडार की नोडल प्रधानाचार्य उर्मिला परिहार, महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय भटाणा के संस्था प्रधान केसरसिंह, जल संसाधन विभाग की कनिष्ठ अभियंता, स्थानीय ब्लाक के कनिष्ठ अभियंता भागीरथ विश्नोई व संदर्भ व्यक्ति छगनलाल रावल आदि ने भाग लिया। उपखंड अधिकारी ने निपुण भारत के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए आगामी माह जुलाई में कक्षा 11 व 12 में अध्ययनरत विद्यार्थियों को इस आयोजन में भाग लेने हेतु उपस्थित सभी संस्था प्रधानों को निर्देशित किया।

प्रवेश उत्सव की गाइडलाइन के बारे में बताते हुए सीबीईओ ने प्रथम चरण 24 से 30 जून तक हाउसहोल्ड सर्वे व 1 जुलाई से नामांकन अभियान शुरू कर प्रत्येक ढाणी, बस्ती, गांव व कस्बे मे ड्रॉपआउट व अनामांकित बालक - बालिकाओं को विद्यालय से जोडने हेतु विस्तृत कार्य योजना बनाने व प्रचार- प्रसार के लिए जागरूकता रैली निकालने को निर्देशित किया। पूनमसिंह सोलंकी ने विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी अभिभावकों को कराने, नामांकन अभियान को सफल बनाने हेतु अभिभावकों व एसएमसी सदस्यों का सहयोग लेने हेतु प्रोत्साहित किया।संदर्भ व्यक्ति छगनलाल रावल ने यू -डाइस की प्रगति रिपोर्ट ब्लॉक की शेयर करते हुए जिन विद्यालयों ने अभी तक कार्य शुरू नहीं किया है, उन्हें 3० जून से पूर्व इस कार्य को पूरा करने हेतु कहा।

# किरीट कुमार के अध्यक्ष बनने पर समारोह आयोजित




जालोर राजस्व मंत्रालियक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष किरीट कुमार का स्वागत किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। राजस्थान राजस्व मंत्रालियक कर्मचारी संघ जालोर के जिलाध्यक्ष पद पर किरीट कुमार दोहरे को नियुक्त किया गया।

नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षक अरुण कुमार ने बताया कि राजस्व मंत्रालियक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष किरीट कुमार के नियुक्त करने पर जालोर कलेक्ट्रेट में सम्मान समारोह किया गया। किरीट कुमार दोहरे सहायक प्रशासनिक अधिकारी व नागरिक सुरक्षा प्रभारी का अतिरिक्त चार्ज के रूप में जिला कलेक्ट्रेट में कार्यरत है। इनको राजस्थान राजस्व मंत्रालियक कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर नागरिक सुरक्षा सदस्यों एवं लोगों ने माला पहनाकर खुशी जताई।

इस दौरान किशन कुमार , सोहेल खान, कुंपाराम, छगन मीणा , नर्सिंग संगठन के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार नवोदियन सहित अन्य उपस्थित रहे।

# कौशल विकास जीवन जीने की कला : चौधरी

**भीनमाल**, (निसं)। भीनमाल नगर में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड के स्थानीय संघ द्वारा आयोजित ग्रीष्मकालीन कौशल विकास एवं अभिरुचि प्रशिक्षण शिविर का आज मंगलवार को समापन हुआ।


समापन समारोह स्थानीय विकास भवन सभागार में चौधरी भावाराम, जेपाराम सोलंकी, महेन्द्र दर्जी, रमेश दवे धुंबडिया व मदन सुंदेशा प्रमोद मेडिकल के आतिथ्य में समारोह आयोजित हुआ । जिसकी अध्यक्षता भीनमाल उपखंड अधिकारी जवाहर राम चौधरी ने की ! सचिव घनश्याम व्यास ने बताया कि अभिरुचि शिविर का समापन समारोह सरस्वती वंदना और मां शारदे की प्रतिमा के आगे दीप प्रज्वलन से प्रारंभ हुआ। समारोह के प्रारंभ में भूमिका दवे व पूजा माली ने स्वागत नृत्य के द्वारा समस्त अतिथियों का यशगान किया।

इस अवसर पर नन्ही कलाकार गर्विता दवे ने काजलियो गीत पर नृत्य कर सभी का मनमोह लिया। शिविर प्रभारी दिनेश दवे नविन ने स्वागत उद्बोधन दिया।

इस अवसर पर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी आशुतोष आचार्य, मोहन सिंह सिसोदिया, ओमप्रकाश महेश्वरी, नरिंगा पटेल, श्रवण सिंह राठौड़, कीर्ति वाजपेई, जगदीश रामावत, छ्तराराम माली, डायालाल सुथार रामचंद्र जीनगर, व्याख्याता नटवरलाल जीनगर, मुकेश सुंदेशा, माणकलाल भंडारी, नरोत्तम त्रिवेदी, दिनेश जालोरी, जेठाराम आचार्य, नेमलाल जीनगर, मीठालाल वैष्णव, दक्ष प्रशिक्षका ललिता शर्मा, महेंद्र शर्मा सहित कई जने उपस्थित रहे।

शिविर में कुल 105 प्रतिभागियों ने सिलाई एवं मेहंदी अभिरुचियों का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# बस से उतरते समय यात्री टायर के नीचे आया



गुड़ामालानी के भाटाला में एक युवक की बस के टायर के नीचे आने से मौत के बाद परिजनों व लोगों ने प्रदर्शन किया। फोटो राष्ट्रदूत

**गुड़ामालानी**, (निसं)। गुड़ामालानी क्षेत्र के भाटाला गांव में रात्रि को निजी बस से उतरते समय टायर के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सूचना पर नगर आरजीटी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को गुडामालानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोर्चरी रखवाया। मंगलवार सुबह मृतक के परिजनों ने निजी बस के लोगों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर बस से धक्का देकर बस से गिराने का आरोप लगाते हुए धरना दिया।

नगर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि सताराम पुत्र सोलाराम जोधेश्वर नगर भाटाला जो बालोतरा में मजदूरी करता था। मजदूरी कर बीकानेर से राजकोट जा रही निजी बस से भाटाला अपने घर आ रहा था। इसी दौरान भाटाला बस स्टैंड पर बस से उतरते समय बस के टायर के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई।

हादसे की सूचना पर नगर आरजीटी पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को गुड़ामालानी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोर्चरी रखवाया गया।

मंगलवार सुबह सिणधरी पुर्व प्रधान सोहनलाल भांभू एवं गुडामालानी प्रधान बिजलाराम चौहान सहित थाना प्रभारी मुलाराम चौधरी, आरजीटी नगर ओमप्रकाश चौधरी सहित जाट समाज के मौजिज लोगों मौके पर पहुंचकर समझाइश कर मामले को शांत करवाया। पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा। पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की।

# भविष्य जानने लोग उमड़े

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर में आज मंगलवार को देश के नामी 51 ज्योतिष एक छत के नीचे जुटे। और लोगों को निःशुल्क सेवा दी। ज्योतिष से मिलकर भविष्य जानने का उत्साह भी लोगों में खूब नजर आया। मंडोर रोड स्थित खेतानाडी जिला माहेश्वरी भवन में लोग ज्योतिषों से मिलेन पहुंचे और निशुल्क परामर्श लिया।

शिविर का आयोजन सीता ज्योतिष एवं वास्तु अनुसंधान केंद्र द्वारा किया गया। शिविर आयोजक पंडित एस के जोशी ने बताया कि ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष अमावस्या तिथि को महर्षी देवज्ञ श्री चंडू जी की 530 वीं जयंती पर आयोजन हुआ। उन्होंने बताया कि 51 ज्योतिष जोधपुर आएं हैं। वैदिक ज्योतिष, वास्तु शास्त्र, अंक ज्योतिष, प्रश्न कुंडली, हस्त रेखा, टैराकार्ड, कर्मकांड, रेकी, हीलिंग, लामा फेरा आदि विषयों के एक्सपर्ट मौजूद है।

शिविर में जोधपुर से पंडित घनश्याम द्विवेदी, जयपुर से राघवेन्द्र आचार्य महाराज , पंडित विजय दत्त पुरोहित, ज्योतिर्विद खींवराज शर्मा, डॉ भैरुप्रकाश दाधिच, सौरभ राघवेंद्र, पंडित कौशल नारायण जोशी, डॉ चंद्र कांत शर्मा, डॉ शंकर सिंह राजपुरोहित, मनोजी मिश्रा, नवीन रामावत, सपना सारस्वत, मुकेश दाधीच, मुकेश शर्मा। अहमदाबाद से टेरोकार्ड रिडर इशानी पटेल, बीकानेर से नंद किशोर पुरोहित आदि मोजूद रहे।

# एच.आई.वी. पीड़ित बच्चों के बीच जन्मदिवस मनाया

**जालोर**, (कासं)। स्वयंसेवी संस्था भारत विकास परिषद् के संस्थापक राष्ट्रीय महासचिव डॉ सूरज प्रकाश के 102वें जन्म दिवस पर परिषद् की जालोर शाखा की ओर से सोमवार शाम एच.आई.वी. पीड़ित बच्चों के बीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

शहर की नर्मदा कॉलोनी स्थित वात्सल्य चाइल्ड केयर होम में रह रहे एचआईवी पॉजिटिव बच्चों के बीच परिषद् के पदाधिकारियों और सदस्यों ने इस अवसर पर सेवा व संस्कारमय कार्यक्रम का आयोजन कर बच्चों के साथ हंसी खुशी के पल बिताए एवं बच्चों को गले लगा कर उनका दर्द दुख दर्द भी बांटा। उपस्थित सदस्यों के साथ थोडी ही देर में बच्चे इतने घुल मिल गए कि एक बारगी उनकी आंखों में खुशी के आंसू भी छलक आए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए परिषद् के प्रांतीय उपाध्यक्ष पदमाराम चौधरी ने अपने उद्बोधन में बताया कि इन बालकों के जीवन में संस्कारों का समावेश कर उन्हें हंसते- खेलते एवं स्वस्थ देखते हुए सुयोग्य नागरिक बनाना ही परिषद् का मूलभूल उद्देश्य है। उन्होंने इन बच्चों को बिना कोई हीन भावना मन में लाए सहज रूप से अपने में मानवीय गुणों का विकास कर आगे बढ़ने के लिए प्रेरणास्पद बातें बताई। शाखाध्यक्ष बालकृष्ण शर्मा ने बालकों को परिश्रमी, धैर्यवान , साहसी एवं चरित्र वान बनने का एक मंत्र के साथ संकल्प दिलाया। शाखा महिला प्रमुख मधु शेखावत ने इन बच्चों को दुलारकर जीवन में पूर्णतया स्वस्थ तथा सफल होने की दुआओं के साथ चिरजीवी होने की शुभकामनाएं प्रदान की।

# खिलाड़ी ब्रह्मकुमारीज संस्थान पहुंचे

**आबूरोड**, (निसं)। भारतीय वायु सेना में रणजी ट्राफी खेलने वाले 16 सदस्यों की टीम ब्रह्मकुमारीज संस्थान आबू रोड पहुंची। यहाँ वे खेलों में सफलता के लिए मन की सकारात्मक स्थिति पर राजयोग, ध्यान के साथ मन की शक्ति पर प्रशिक्षण ले रहे हैं।

ब्रह्माकुमारीज संस्थान के खेलकूद प्रभाग द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में खिलाडियों को तन के साथ मन की बेहतर स्थिति पर जागरूक किया जा रहा है। प्रशिक्षण में आये खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज संस्थान के महासचिव बीके निर्वेर ने कहा कि जब मन से सकारात्मक और आशावादी हो जाते हैं। तो सफलता गले का हार है बस इसे अपने मन में बिठा लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजयोग ध्यान से आध्यात्मिकता की शक्ति आती है। यही मन को शक्तिशाली बना देती है। फिर मन में इतनी ताकत होती है कि व्यक्ति विकट परिस्थितियों में भी निराशावादी के बजाए आशावादी हो जाता है। जिससे सहज ही सफलता मिल जाती है। खिलाडियों की टीम ने अतिरिक्त महासचिव बीके बृजमोहन, कार्यकारी सचिव बीके मृत्युंजय से भी मुलाकात कर राजयोग ध्यान सीखने का अनुभव साझा करते हुए कहा कि निश्चित तौर पर इस उर्जा से हमें अपनी खेल में सफलता के मंत्र मिलेंगे। बीके बृजमोहन ने कहा कि मन स्थिर और सकारात्मक नहीं होगा तब तक एकाग्रता के साथ खेल पर पूरा ध्यान नहीं दे सकेंगे।

# पिंडवाड़ा में पेयजल संकट, पार्षदों में आक्रोश पनपा




सिरोही जिले के पिंडवाड़ा में पानी के संकट को लेकर उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार को नगर पालिका के पार्षदों ने ज्ञापन सौंपा। फोटो-राष्ट्रदूत

**पिंडवाड़ा**, (निसं)। पिण्डवाड़ा शहर में जल संकट को देखते हुए नगर पालिका के पार्षदों ने अल्ट्रा टेक सीमेंट फैक्ट्री को वादे के अनुसार शहर में पानी सप्लाई देने के लिए उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार पंचायत समिति बीडीओ हनुवीर सिंह विश्नोई को ज्ञापन सौंपा।

पूर्व में कई वर्षों से अल्ट्राटेक सीमेंट कंपनी शहर पेयजल आपूर्ति के लिए चार लाख लीटर पानी रोज सप्लाई देती थी। लेकिन इस बार गर्मियों में उन्होंने नगर को पेयजल की व्यवस्था में कोई मदद नही की जब कि 23 नवम्बर को पिण्डवाड़ा में सर्व समाज को लिखित मैं देकर नगर की जनता को आश्वस्त किया था कि भीषण गर्मी के दौर में शहर को सबसे पहले पेयजल आपूर्ति दी जाएगी। जिसके बाद अल्ट्राटेक सीमेंट उस पानी का उपयोग करेगी। लेकिन नगर की वर्तमान में नगर में पानी का संकट गहरा गया है। लोग टैंकरों से पानी डलवा कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। ऐसे में गरीब तबके के लोग न पैसों से पानी डलवा सकते हैं। इसलिए शहर में तेजल संकट की समस्या मुद्दा बनने से पहले , अल्ट्राटेक सीमेंट प्रशासन से वादे के अनुसार पानी देने के लिए पाबंद करें। जिससे नगर में पानी की समस्या से निजात मिल सके। अगर अल्ट्रा टेक फैक्ट्री पानी नही देती है तो हम सभी पार्षद गण पिण्डवाड़ा की जनता से मिलकर जन आंदोलन करने पर मजबूर होना पड़ेगा,

इस अवसर पर नगर पालिका नेता सुरेश मेवाडा, पार्षद छगन बी टाक, अरविंद गवारिया, प्रकाश मीणा संजय गर्ग, हसरत निशा, दिलशेर खान,नीरू देवी, पूर्णिमा देवी, नीलम बोराणा, बिंदिया देवी, सुरेंद्र मेवाडा, लतीफ खान,शंकर घांची, सहित सुरेश बोराणा,प्रदीप भांड रणछोड़ रावल सहित कई लोग मौजूद रहे।

# बाड़मेर में एक ही दिन में पांच लोगों ने की आत्महत्या

**बाड़मेर**, (निसं)। बाड़मेर जिले के लिए मंगलवार का दिन अमंगल साबित हुआ जहाँ तीन अलग - अलग मामलों में पांच लोगों ने अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। एक ही दिन में घटी इन आत्महत्याओं की घटनाओं ने पूरे जिले को झकझोर कर रख दिया। एक तरफ जहां सास और दामाद ने एक साथ फंदा लगा लिया, तो दूसरी और नाबालिग युगल पेड़ से झूल गए। एक विवाहिता भी टांके में कूद की गई। अलग - अलग थानाक्षेत्र में हुई इन घटनाओं में पुलिस ने मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के मुताबिक ग्रामीण थाना क्षेत्र अंतर्गत लंगेरा फांटा के पास सास व दामाद ने एक पेड़ पर फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली तो रामसर थाना क्षेत्र के बसरा गांव में एक नाबालिग लडकी व एक नाबालिग लड़के ने एक पेड पर एक साथ फांसी का फंदा लगाकर इहलीला समाप्त कर दी । दूसरी तरफ सदर थाना क्षेत्र के हाथीतला गांव में बीती रात को एक महिला ने अपने घर के बाहर बने पानी के टांके में अपने मासूम बच्चे के साथ कूदकर आत्महत्या कर ली। कूदने की आवाज आने के बाद आसपास के लोगों ने मासूम बच्चे को पानी के टांके से सुरक्षित बाहर निकाल दिया जबकि महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने सभी मृतकों के शव जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी में रखवाए हैं और परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर अग्रिम कार्यवाही में जुट गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बाड़मेर के सरणू गांव के पास खरण्टिया निवासी दरिया देवी की पुत्री का विवाह एक वर्ष पूर्व केरावा निवासी होताराम के साथ हुआ था और

- **दामाद-सास, दो नाबालिग व एक विवाहिता ने की ईहलीला समाप्त**

उसके बाद सास और दामाद के बीच प्रेम-प्रसंग हो गया । बीती रात उन्होंने बाड़मेर जिला मुख्यालय से पांच किलोमीटर दूर ग्रामीण थाना क्षेत्र के लंगेरा फांटा के पास एक खेजडी के पेड़ पर अपने ही कपडों से फांसी का फंदा लगा दिया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों के सहयोग से दोनों के शव नीचे उतारकर जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी में रखवाया। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस अग्रिम कार्यवाही के लिए जुट गई हैं और आत्महत्या के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

दूसरी तरफ रामसर थानाक्षेत्र में बसरा गांव में एक पेड़ पर एक नाबालिग लड़के और लड़की का शव लटका हुआ मिला। जिस पर रामसर पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को बुलाकर दोनों के शव नीचे उतारकर जिला अस्पताल स्थित मोर्चरी में रखवाया। पुलिस का कहना है कि दोनों एक ही जाति के हैं और पडोसी हैं। दोनों की उम्र लगभग 16 वर्ष है। आसपास के लोगों का कहना है कि दोनों के बीच में पिछले कुछ समय से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। आत्महत्या से पहले दोनो ने साथ में फोटो खिचे और सोशल मीडिया पर अपलोड भी किये। फिलहाल पुलिस पूरे मामले को लेकर जांच में जुटी हुई है। इसके अलावा बाड़मेर के सदर थाना क्षेत्र के हाथीतला गांव में देर रात एक विवाहिता ने अपने घर के बाहर बने पानी के टांके में मासूम बच्चे के साथ कूद गई जिसके बाद आसपास के लोगों ने कूदने की आवाज सुनने पर मासूम बच्चे को सुरक्षित बाहर निकाल दिया और विवाहिता की डूबने से मौत हो गई। विवाहिता का पति बाहर मजदूरी करता था । देर रात को करीब 12 बजे अपने घर पहुंचा तो पत्नी किसी अन्य व्यक्ति के साथ संदिग्ध अवस्था में दिखी। पति जब उस व्यक्ति के पीछे भागा तो पीछे से पत्नी ने बच्चे के साथ पानी के टांके में छलांग लगा दी। फिलहाल सदर पुलिस पूरे मामले को लेकर जांच कर रही है।

# पत्थर खान श्रमिक पेड़ पर लटका

**जोधपुर**, (कासं)। जोधपुर शहर के निकटवर्ती केरू स्थित पेट्रोल पंप से आगे एक पत्थर खान श्रमिक ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। इस बारे में उसके चचेरे भाई की तरफ से मामला दर्ज करवाया गया।

राजीव गांधी नगर पुलिस ने बताया कि बाड़मेर के खोखरा गिड़ा निवासी ओमप्रकाश पुत्र शिवदानराम मेघवाल ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसका चचेरा भाई 25 वर्षीय शंकरराम पुत्र गंगाराम मेघवाल केरू स्थित एक पत्थर खान में कार्य करता था। वह सोमवार को सुबह काम पर निकला था। मगर वह वहां नहीं पहुंचा। तब उसकी तलाश की गई। इस पर उसका शव केरू स्थित पेट्रोल पंप से कुछ आगे एक सूने स्थान पर पेड़ से लटका मिला। उसके आत्महत्या किए जाने का कारण पता नहीं चला है।